AMAR UJALA

Page No. 04 (Gzb.)

Date. 29 Aug 2019

# स्टूडेंट्स के लिए वोकेशनल कार्यक्रम का आयोजन

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में बुधवार को स्टूडेंट्स के लिए वोकेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 150 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। आईटीएस डेंटल कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने स्टूडेंट्स को वोकेशनल डेंटल प्रोग्राम के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कॉलेज में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होता रहता है। इसके माध्यम से स्टूडेंट्स को मार्गदर्शन मिलता है। इससे उनकी रुचि दंत चिकित्सा के क्षेत्र में होती है। कार्यक्रम में मुरादनगर के ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल, हॉली एंजल पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 से 12वीं तक 150 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को मौखिक स्वास्थ्य देखभाल और इसके महत्व के बारे में अवगत कराया गया। उन्हें मॉडल तैयार करने, वैक्स मॉडल बनाने, इंप्रेशन लेना और वैक्स कार्विंग जैसी गतिविधियों की एक श्रृंखला से अवगत कराया गया।

Hindustan (Hindi)
Page No. 20 (Gzb.) Date. 29 Aug 2019

# वोकेशनल कार्यक्रम में छात्रों ने भाग लिया

**मुरादनगर।** मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में बुधवार को वोकेशनल डेंटल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ कॉलेज चेयरमैन आरपी चड्ढा व अर्पित चड्ढा ने किया। इस कार्यक्रम में होली एंजेल पब्लिक स्कूल और ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 से 12वीं तक के 150 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को स्वास्थ्य देखभाल के महत्त्व बताए।

# Nav Bharat Times (Hindi)

Page No. 02 (Gzb.) Date. 29 Aug 2019


## फटाफट खबरें

### कार्यक्रम हुआ

■ एनबीटी न्यूज, मुरादनगर: मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में बुधवार को वोकेशनल डेंटल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्टूडेंट्स को वोकेशनल डेंटल प्रोग्राम के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कॉलेज के चेयरमैन डॉक्टर आरपी चड्ढा व वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम में मुरादनगर के दो स्कूल होली एंजेल पब्लिक स्कूल, ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के 150 छात्रों ने भाग लिया। सभी छात्रों को मौखिक स्वास्थ्य देखभाल और इसके महत्त्व के बारे में अवगत कराया गया।